डॉ. (श्रीमती) पंकज मित्तल
(पूर्व कुलपति, बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, हरियाणा)
महासचिव

Dr. (Mrs.) Pankaj Mittal
(Former Vice Chancellor, BPS Women University, Haryana)
Secretary General

भारतीय विश्वविद्यालय संघ
ए०आई०यू० हाउस, 16, कॉमरेड इंद्रजीत गुप्ता मार्ग
(कोटला मार्ग), नई दिल्ली–110 002

Association of Indian Universities
AIU House, 16, Comrade Indrajit Gupta Marg (Kotla Marg),
New Delhi-110 002

AIU/SGO/2022
19 सितम्बर, 2022

प्रिय कुलपति/निदेशक,

भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में घोषित की गई, जिसमें छात्रों तक पहुंच, लचीलेपन, स्वायत्तता, प्रौद्योगिकी के उपयोग, नवाचार और अनुसंधान में सुधार, कौशल विकास , गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को संबोधित करने का प्रयास किया गया है। इसका उद्देश्य अपने छात्रों को ज्ञान से सुसज्जित करके भारत को एक ज्ञान की महाशक्ति बनाना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) के नियामक निकायों और उच्च शिक्षा संस्थानों जैसे सभी हितधारकों द्वारा लागू किया जा रहा है। नीति को घोषित हुए दो साल हो चुके हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इसके क्रियान्वयन की स्थिति का पता लगाने का यही उपयुक्त समय है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सहयोग से भारतीय विश्वविद्यालय संघ ने उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की स्थिति जानने के लिए एक सर्वेक्षण प्रपत्र तैयार किया है। सर्वेक्षण का एक गूगल प्रपत्र निम्न लिंक पर उपलब्ध है:

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर सर्वेक्षण

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया दिनांक **10 अक्टूबर, 2022** तक सर्वेक्षण फॉर्म को पूरा कर हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन पर एक स्थिति रिपोर्ट संकलित करने में सहयोग करें।

उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा अपनाए जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों को संकलित करने का भी प्रस्ताव है, जिसे अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा एनईपी 2020 को संपूर्णता में लागू करने के लिए अपनाया जा सकता है। अत: आपसे आग्रह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर आपके संस्थान द्वारा शुरू किये गए उत्कृष्ट प्रयासों पर लगभग 8-10 पृष्ठों में एक रिपोर्ट (ईमेल: sgoffice@aiu.ac.in) पर प्रेषित करें।

मुझे इस पहल के महत्व पर फिर से जोर देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आप जानते हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का संपूर्णता में क्रियान्वयन भारत को एक बार फिर से *"विश्वगुरु"* बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

सादर,

पंकज मित्तल

(पंकज मित्तल)

एआईयू सदस्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के कुलपति/निदेशक।

AIU House, 16, Comrade Indrajit Gupta Marg (Kotla Marg), New Delhi-110 002
Phone: +91 11 2323 6105 **Fax:** +91 11 2323 2131 **E-mail:** sgoffice@aiu.ac.in, pankajugc@gmail.com; **Website:** www.aiu.ac.in